17

DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
ASSESSMENT- II 2017-18
CLASS-IV
SUBJECT -HINDI

Time-2hrs **Maximum Marks -50**

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्नपत्र में पाँच प्रश्न एवं चार खंड हैं- क,ख,ग और घ।
खंड क-५अंक, खंड ख-१०अंक, खंड ग-१५अंक, और खंड घ-२०अंक के हैं।
सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
प्रश्नों को ध्यान से पढकर साफ और सुंदर अक्षरों में क्रमानुसार उत्तर दें।

खंड - क (५ अंक)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

कोयल एक भारतीय पक्षी है जिसका रंग पूरी तरह काला होता है। कोयल अपनी कुक्कू की आवाज़ के लिए पहचानी जाती है।मादा कोयल 12 से 20 अंडे देती है । नर कोयल ही गाता है।कोयल अपने अंडे कौवे के घोंसलों में देती है।कोयल को कुक्कू भी कहा जाता है। कोयल झारखंड का राज्य पक्षी है।कोयल की 120 से भी ज्यादा प्रजातियाँ पायी जाती हैं। कोयल ज्यादातर एशिया और अफ्रीका में पाई ज़ाती है।कोयल का मुख्य भोजन कीड़े -मकोड़े होते हैं। कोयल की आवाज़ सभी पक्षियों से मधुर होती है।कोयल अपने घोंसले नहीं बनाती।कहा जाता है जब कोयल अपना अंडा दूसरे पक्षी के घोंसले में रखती है तो वो वहाँ मौजूद दूसरे पक्षी के अंडे को उठा लेती है और उसे खा लेती है।

i. इस गद्यांश का शीर्षक(नाम) लिखिए।

   क) होली ख) मेला ग) पक्षी घ) कोयल

ii. कोयल को और क्या कहते हैं?

   क) बुलबुल ख) कक्कू ग) कुक्कू घ) कोईली

iii. कोयल का मुख्य भोजन क्या होता है?

iv. कोयल किस राज्य का राज्य पक्षी है?

v. कोयल किसके घोंसले में अंडा देती है?

18

खंड - ख (10 अंक)

2. (i) मोहल्ले की सफाई के बारे में स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

(ii) होली के त्योहार पर मित्र को होली खेलने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

(ख) बाज़ार में मिलने वाली किसी एक चीज़ के लिए विज्ञापन बनाइए और स्लोगान(नारा) लिखिए। (5)

खंड –ग (15 अंक)

3. (i) विकल्पों में से सही विलोम शब्द लिखो। (2)

मधुर – कुटु, कटु, मीठा,मधुरता

अंधकार – प्रकाश, प्राकास,अँधेरा,रात

(ii) वचन बदलो। (2)

घर में -

गन्ना -

(iii) दिए गए वाक्य किस काल में है लिखिए। (2)

(वर्तमान काल,भूत काल,भविष्यत् काल)

(क) बादल गरज रहे हैं।

(ख) बारिश ज़रूर होगी।

(iv) विकल्पों में से समान अर्थ वाले शब्द लिखो। (2)

(क) स्वयं – उदास, खुद, पर्व, विशेष

(ख) कायर – वीर, डरपोक, साहसी, कायरता

(v) विकल्पों में से मुहावरे का सही अर्थ लिखिए। (2)

(क) खटिया पकड़ना – (मर जाना, बीमार पड़ना, होश उड़ना, सो जाना)

(ख) हाथों के तोते उड़ना – (उदास होना, घबरा जाना, मना करना, भाग जाना)

(vi) नया शब्द बनाइए। (2)

(क) चित्र + इत = ----------

(ख) केले + वाला = ----------

(vii) उचित विशेषण लिखिए। (2)

(क) .... रोटी

(ख) ------------- बहन

(viii) विकल्पों में से चंद्रबिंदु वाले शब्द लिखो। (1)

ठंड, पूछूँ, प्रकाश, वर्ष

19

खंड –घ (20 अंक)

(i) निम्नलिखित प्रश्नों मे से पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5x2=10)

(क) लकड़हारा लकड़ियाँ काटकर क्या करता था?

(ख) स्वाति को पुरस्कार क्यों दिया गया?

(ग) हिरण्यकश्यप राजा क्या चाहता था?

(घ) चित्रकार कहाँ चित्र बना रहा था और उसके सामने कौन आ गया?

(ङ) सूरज से हम क्या सीखते हैं?

(च) आप कौन-कौन से सपने देखते हैं?

किसी एक मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (3x1=3)

क) पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए आप क्या करेंगे?

ख) मीठी वाणी का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

iii) वाक्य बनाओ। (2x1=2)

सूझ-बूझ -

स्वयं -

(iv) वाक्य पूरे करो। (2x1=2)

(क) स्कूल जाते ----------- को ये सदा टकटकी लगाकर देखते हैं।(लोगों, बच्चों, पेड़ों, बसों)

(ख) होली ------------- का त्योहार है। (कागज़, फूलों, रंगों, दीपों)

5. दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3x1=3)

प्रकृति के रूप हैं निराले,
आओ देखो मौसम मतवाले।
जब सूरज तेज़ चमकता है,
पृथ्वी का हृदय दहलता है।

क) कविता का नाम लिखिए।

ख) किसके रूप निराले हैं?

ग) पृथ्वी का हृदय कब दहलता है?